छात्रों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया

नोखा, (कासं)। मांगीलाल बागड़ी राजकीय कॉलेज नोखा में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन नशा मुक्ति और साइबर सुरक्षा पर महत्वपूर्ण व्याख्यान आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में नोखा के वृत्ताधिकारी हिमांशु शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। शर्मा ने अपने व्यक्तिगत और प्रशासनिक अनुभवों को साझा करते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं में बढ़ती नशे की लत न केवल उनके लिए बल्कि पूरे परिवार और समाज के लिए खतरनाक है। इसके साथ ही उन्होंने साइबर अपराधों से बचने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी साझा की और प्रशासन द्वारा इन अपराधों की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया।

वृत्ताधिकारी ने यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित वाहन चलाने के लिए भी छात्रों को प्रेरित किया। साथ ही नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सत्यनारायण राजपुरोहित ने मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. रणवीर सिंह, डॉ. मुकेश शर्मा, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी विशाल कुमार सगतानी और नरेन्द्र बैरवा सहित कई शिक्षक और एनएसएस के स्वयंसेवक मौजूद रहे। सुमित्रा देवल, दीपा भाटी, कादंबरी व्यास, महेश गोदारा और महावीर सियाग जैसे प्रतिष्ठित सदस्यों ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।

मतदाता दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिक हुए सम्मानित

बीकानेर, (कासं)। पन्द्रहवां राष्ट्रीय मतदाता दिवस शनिवार को समारोह पूर्वक मनाया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समारोह जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में हुआ।

इस दौरान विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव के सफल क्रियान्वयन में भागीदारी निभाने वाले कार्मिकों को जिला निर्वाचन अधिकारी ने योग्यता प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वृष्णि ने कहा कि दुनियां के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के नागरिक होना हमारे लिए गर्व का विषय है। हमारे संविधान ने हमें मतदान का अधिकार दिया है। हमें इसे समझते हुए विवेक के साथ इसका उपयोग करना चाहिए। उन्होंने मतदान दिवस को लोकतंत्र का त्योहार बताया और कहा कि भौगोलिक विविधताओं वाले देश में चुनावी प्रक्रिया का सफल क्रियान्वयन टीमवर्क का सबसे बड़ा उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया के दौरान पर्दे के पीछे रहकर कार्य करने वाले कार्मिकों का सम्मान पूरी टीम का सम्मान है। उन्होंने नव मतदाताओं का सम्मान भी किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दुलीचंद मीना ने कहा कि उत्कृष्ट कार्य की बदौलत सम्मानित कार्मिक भविष्य में और अधिक ऊर्जा के साथ कार्य करें। नए कार्मिक इस भावना को आगे बढ़ाएं। निर्वाचन शाखा के नायब तहसीलदार सुभाष चंद्र मीणा ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम के बारे में बताया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने हस्ताक्षर कर मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की एवं मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने लूणकरनसर के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी दयानंद रुयाल को सर्वाधिक महिला मतदाताओं का नाम मतदाता सूचियों में जोड़ने के लिए सम्मानित किया। जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा को प्रदेश के पहले स्वीप फूड कार्निवल के आयोजन, पूगल पंचायत समिति के सहायक विकास अधिकारी प्रभात पडिहार स्वीप में उत्कृष्ट कार्य करने एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बच्छासर के अध्यापक भवानी सोलंकी को स्वीप एवं मीडिया प्रकोष्ठ में उत्कृष्ट कार्य करने, प्रोगामर घनश्याम मेघवाल निर्वाचन से संबंधित आईटी कार्य, सूचना सहायक हितेश गुप्ता को इलेक्शन फॉर्म एवं एपिक कार्ड की ऑनलाइन बुकिंग को सम्मानित किया।

उन्होंने वरिष्ठ सहायक राकेश कुमार बंसल, अध्यापक संजय नाथ सारण, शिक्षक ओमप्रकाश कुलडिया, सूचना सहायक देवीलाल बाना एवं नोखा से अशोक लखारा का का सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों का सम्मान भी किया। इनमें जुबेर मोहम्मद लूणकरनसर, सुरेंद्र कुमार यादव खाजूवाला, जितेंद्र शर्मा नोखा, रामेश्वर लाल बीकानेर पश्चिम, सीताराम भांभू श्रीडूंगरगढ, राकेश पुरोहित बीकानेर पूर्व और शिवपाल गोदारा कोलायत को

- **जिला निर्वाचन अधिकारी ने हस्ताक्षर कर मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की एवं मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई**

सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) रमेश देव, निर्वाचन शाखा के प्रभारी शिवकुमार पुरोहित मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन संजय पुरोहित ने किया।

अनूपगढ़। भारत निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस पर 15 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस धूमधाम से मनाया गया। नगर परिषद के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम सुरेश राव ने मतदान से जुड़ी शपथ दिलाई और विशेष मतदाताओं का सम्मान किया।

कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि युवा, शतायु, ट्रांसजेंडर और विशेष योग्यजन मतदाताओं को माला पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। एसडीएम ने बीएलओ को महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी नया मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रहे। साथ ही सभी बूथों पर मतदाताओं को जागरूक करने का भी निर्देश दिया। विधानसभा स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का भी विशेष सम्मान किया गया।

इनमें सुपरवाइजर रामचंद्र चौहान, कुलदीप भाटिया, जमनालाल मीणा समेत कई बूथ लेवल अधिकारी और निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी शामिल थे। सभी को मालार्पण कर प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में तहसीलदार बबीता ढिल्लो, नायब तहसीलदार श्रवणराम बिश्नोई, एईएन इरफान अली, नगर परिषद के अधिकारी और निर्वाचन शाखा के कर्मचारी मौजूद रहे। इस आयोजन ने लोकतंत्र के महत्वपूर्ण स्तंभ मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम किया।

सीकर। एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह भढाडर सीकर में धोद ब्लॉक का 15वां मतदान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राहुल कुमार मल्होत्रा, एसडीएम धोद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भीमसेन सैनी तहसीलदार सीकर ठामीण, नारायणराम दैया तहसीलदार धोद, सीताराम खारिया सीबीईओ धोद, सत्यपाल बगडिया पंचायत समिति सदस्य, युवा नेता महेश बगडिया उपस्थित रहे। अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा सम्मुख दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

संस्थान की छात्राओं द्वारा राजस्थानी नृत्य पर प्रस्तुतियां दी गई। अलीना बानो व रीकूं वर्मा ने हिन्दी व अठोंजी भाषा में मतदान की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। तहसीलदार भीमसेन सैनी ने मतदान के बारे में जागरूक होने का आव्हान किया।

नौकरी का झांसा देकर 1.30 लाख रुपये की ठगी

हनुमानगढ़, (कासं)। होमगार्ड जवान के पद पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर पुलिस कांस्टेबल ने एक लाख 30 हजार रूपए की धोखाधड़ी की। इस मामले में पुलिस कांस्टेबल के खिलाफ पल्लू थाना में मामला दर्ज हुआ है।

नोहर वृत्ताधिकारी आरपीएस ईश्वर सिंह के आदेश पर दर्ज हुए मामले में रोहिताश पुत्र इमीलाल मेघवाल निवासी गन्धेली तहसील रावतसर ने बताया कि 2023 में वह इलेक्ट्रीशियन में आईटी करने के लिए पल्लू के एलबीएम कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। फरवरी 2023 को वह अपने कॉलेज की छुट्टी होने के बाद पल्लू बस स्टैण्ड पर खड़ा बस का इंतजार कर रहा था। उसी दौरान रामेश्वर लाल पुत्र रामप्रताप नायक निवासी बींझासर तहसील रावतसर उससे मिला। रामेश्वर लाल ने उसे बताया कि वह राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल पद पर कार्यरत है। उसकी ड्यूटी सिंचाई थाना नोहर में है।

रामेश्वर लाल ने उससे कहा कि उसकी पुलिस प्रशासन और होमगार्ड में उच्चाधिकारियों तक पहुंच है और वह उसे होमगार्ड में भर्ती करवा सकता है। इसका खर्चा करीब 1 लाख 30 हजार रूपए बताया। वह रामेश्वर लाल के झांसे में आ गया और 26 फरवरी 2023 को 1 लाख रूपए नकद रामेश्वर लाल के पास जमा करवा दिए। उसके बाद 23 मार्च 2023 को उसने फोन पे नम्बर पर 15 हजार रूपए जमा करवा दिए। उसके बाद रामेश्वर लाल ने 29 मार्च 2023 को राजस्थान पुलिस कमाण्ड सर्टिफिकेट नियम 211 का फर्जी पत्र उसे दिया।

सार-समाचार

कम सैलरी पैकेज से प्लेसमेंट घटा

बीकानेर, (कासं)। डूंगर महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार पाने की उम्मीद में 300 युवा आए। अधिकांश के चेहरों पर हताशा थी। युवाओं के कम रूझान को देखकर कंपनियों के प्रतिनिधि भी मायूस हो गए। इसका कारण कम सैलरी पैकेज और घर से सैकड़ों किमी दूरी पर मिलने वाला पैकज रहा। 300 में से 82 उम्मीदवार चयनित हुए। युवाओं को को मेले में आई बैंकिंग, वित्त, आईटी, इलेक्ट्रानिक्स, ऑटोमोबाइल, सिक्योरिटी सर्विसेज व बीमा क्षेत्रों से आए 12 कंपनियों से उम्मीदें थीं कि सैलरी पैकेज अच्छा होगा। रोजगार बीकानेर समेत आसपास के शहरों में मिलेगा। मगर ऐसा होता नजर नहीं आया। मेले में स्टूडेंट्स से बातचीत की तो सामने आया कि कम सैलरी पैकेज और प्लेसमेंट घर से ज्यादा दूर होने के चलते स्टूडेंट्स ने कंपनियों को ज्यादा रिस्पांस नहीं दे रहे। चयनित अभ्यर्थियों का पैकेज 1.5 से 4.4 लाख वार्षिक के बीच रहा। उद्घाटन डूंगर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार पुरोहित, क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय निदेशक हरगोविंद मित्तल व प्लेसमेंट सेल के संयोजक प्रो. देवेश खंडेलवाल ने किया। मेले में उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र व राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम के बीकानेर केंद्र ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी उम्मीदवारों से साझा की। एयू फाउंडेशन ने स्टूडेंट्स के लिए चलने वाले विभिन्न प्रशिक्षण कोर्सेस की जानकारी दी। कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय के निर्देशानुसार यह मेल आयोजित किया गया था।

'दिव्यांग बच्चों को बोझ नहीं समझें'

बीकानेर, (कासं)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अन्तरराष्ट्रीय केन्द्र माउंट आबू के दिव्यांग प्रभाग व राजस्थान सरकार के संयुक्त तत्वावधान में चलाये जा रहे दिव्यांग समानता, संरक्षण एवं सशक्तिकरण अभियान के तहत शनिवार को जयपुर रोड पर स्थित मरूधर मूक बधिर विद्यालय में दिव्यांग बच्चों व उनके अभिभावकों का जन चेतना कार्यक्रम आयोजित किया गया। दृश्य व श्रव्य माध्यमों से दिव्यांग बच्चों को रोचक तरीके से आत्मबल बढाने का संदेश दिया गया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अन्तरराष्ट्रीय केन्द्र माउंट आबू के दिव्यांग प्रभाग कर टीम के बी. के. अतुल बी. के. राजकुमार एवं बी.के. शेखर, संस्थान की बीकानेर संभाग प्रभारी बी. के. कमल, मरूधर मूक बधिर विद्यालय के प्रधान दयानंद शर्मा, डॉ.कौशल शर्मा, शिक्षा विभाग की पूर्व उप निदेशक सुमन सिंह, बी.के.हंसमुख भाई, राजीव भाई, नवीन भाई, बी.के.रजनी ने बच्चों को टी शर्ट व उपहार प्रदान किए। बी.के.कमल ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को बोझ नहीं समझे। ये प्रभु की सेवा का एक उपहार है। दिव्यांग बच्चों के माता पिता निराशा को छोड़कर दृढ़ता के साथ इनका आत्मबल बढ़ाए जिससे ये सामान्य नागरिक की तरह जीवन जी सकें तथा उपलब्धियां हासिल कर सके। इस अवसर पर फिल्म प्रदर्शन किया गया तथा बच्चों को इंडोर खेल खिलाए गए।

व्यापार उद्योग मंडल के चुनाव 28 को

बीकानेर, (कासं)। लगभग 15 साल के लम्बे अंतराल के बाद बीकानेर व्यापार उद्योग मंडल में अध्यक्ष पद के लिए विधिवत चुनाव हो रहे हैं। इससे पहले वर्ष 2009 में चुनाव हुए थे। कोर्ट के आदेश पर 27 दिसम्बर 2024 से शुरू हुई चुनावी प्रक्रिया के तहत नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। अब 28 जनवरी को मतदान के जरिए नए अध्यक्ष का चयन होगा। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवारों के नाम सामने आए हैं। मनमोहन कल्याणी, महावीर पुरोहित, जुगल राठी और रवि पुरोहित ने अपने नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारी को सौंपे हैं। उप रजिस्ट्रार कैलाश चंद्र सैनी ने बताया कि 25 जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच के बाद वैध उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित की जायेगी। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया के तहत 27 जनवरी को शाम 4 बजे तक नाम वापसी की जा सकती है। यदि सभी उम्मीदवार मैदान में रहते हैं, तो 28 जनवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक माडर्न मार्केट स्थित व्यापार मंडल कार्यालय में मतदान होगा। इसके बाद मतगणना कर नए अध्यक्ष का ऐलान किया जायेगा। अंतिम मतदाता सूची के अनुसार 392 व्यापारी सदस्य नए अध्यक्ष का चुनाव करेंगे।

ब्राह्मण समाज के चुनाव 2 को

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज संघ का गठन व चुनाव करवाए जा रहे हैं। संघ सहायक समिति के सदस्य राजेश शर्मा ने बताया कि इस चुनाव हेतु निर्वाचन अधिकारी मनोज सुथार, चुनाव सहायक सदस्य के रूप में जुगलकिशोर सेवग, मनोज शर्मा एवं विवेक शर्मा को तय किया गया है। चुनाव अधिकारी मनोज सुथार ने बताया कि चुनाव में सहयोगी संस्थाओं की फाइनल सूची 22 जनवरी को जारी कर दी गई थी। अध्यक्ष पद हेतु आवेदन करने की तिथि 23 जनवरी से 27 जनवरी शाम 5 बजे तक कर सकते हैं। जुगलकिशोर सेवग ने बताया कि सभी आवेदनों की जांच 27 जनवरी 2025 को रात 9 बजे तक कर ली जायेगी साथ ही नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 28 जनवरी 2025 को शाम 5 बजे तक है। चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन 28 जनवरी 25 को शाम 8 बजे तक किया जायेगा। डाक वोट वितरण व जमा करने की तिथि 29 जनवरी से 1 फरवरी है। चुनाव से जुड़े विवेक शर्मा ने बताया कि मतगणना की तिथि 2 फरवरी को दोपहर 3 बजे तय किया गया है। मतगणना के स्थल की सूचना जल्द ही दी जायेगी तथा सहायक समिति में गणेश शर्मा, जैनेंद्र शर्मा, एडवोकेट दिलीप सेवग, निलेश शर्मा और हेमंत सेवग रहेंगे।

सड़क हादसे में मैकेनिक की मौत

अनूपगढ़, (कासं)। नेशनल हाईवे 911 पर सड़क हादसे में 20 वर्षीय बाइक मैकेनिक की मौत हो गई। गांव 6 पी के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसके बाद चालक मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान गांव 6 एच पतरोडा निवासी पवन कुमार के रूप में हुई जो अनूपगढ़ में बाइक रिपेयरिंग की दुकान पर काम करता था। घटना उस समय हुई जब वह रात को दुकान बंद करके अपने घर लौट रहा था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पवन की बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर जमा हुई भीड़ ने एम्बुलेंस की मदद से गंभीर रूप से घायल पवन को अनूपगढ़ के सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किसी ने घटना की सूचना पवन के परिजनों और पुलिस को दी। परिजनों द्वारा शव की पहचान के बाद पुलिस ने उसे अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है। शव का पोस्टमॉर्टम आज किया जायेगा। मृतक के पिता का नाम जेठाराम है और वह परिवार का मुख्य कमाने वाला सदस्य था।

बाइक चोरी की वारदात कैमरे में कैद

हनुमानगढ़, (कासं)। जंक्शन बस स्टैंड के नजदीक खड़ी बाइक अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। यह वारदात सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में कैद हो गई। बाइक मालिक की रिपोर्ट के आधार पर जंक्शन पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर अज्ञात चोर तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार रविन्द्र कुमार (30) पुत्र उदाराम जाट निवासी वार्ड 59, सुरेशिया, जंक्शन ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि वह 22 दिसम्बर 2024 की दोपहर करीब 2 बजे अपनी बाइक नम्बर आरजे 31 एसडी 4937 पर सवार होकर बस स्टैंड के नजदीक कमल होटल को जाने वाली गली में पहुंचा। साइड में बाइक खड़ी कर किसी काम से चला गया। पीछे से कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी बाइक चोरी कर ले गया। उसने रात्रि करीब 8 बजे बाइक संभाली तो नहीं मिली। बाइक की तलाश एवं पूछताछ की मगर कोई पता नहीं चला। उसने कमल होटल के आगे लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक की तो शाम करीब 7.46 बजे एक अज्ञात व्यक्ति बाइक चोरी कर ले जाते हुए दिखाई दिया। बाइक की आरसी व अन्य कागजात टूल बॉक्स में ही थे। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच हैड कांस्टेबल लायक सिंह को सौंपी है।

तीन वर्षीय मरीज का सफल कॉक्लियर इम्प्लांट

बीकानेर, (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज से संबंद्ध पीबीएम के ईएनटी विभाग को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। सुपर स्पेशलिटी हॉस्टिल में नोखा के 3 वर्षीय मरीज का ईएनटी विभागाध्यक्ष डॉ. गौरव गुप्ता ने 200 वां सफल कॉक्लियर इम्प्लांट किया।

यह ऑपरेशन मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत पूर्णतया निःशुल्क किया गया। डॉ. गौरव गुप्ता ने बताया कि पीबीएम अस्पताल प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा कॉक्लियर इम्प्लांट केन्द्र है। इस ऑपरेशन के लिए प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी के सहयोग से मरीज के लिए ऑपरेशन से संबंधित निःशुल्क चिकित्सा व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई।

प्राचार्य डॉ गुंजन सोनी ने बताया कि कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी से जुड़ी समस्त चिकित्सा सामग्री राज्य सरकार की मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य

- **मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में निःशुल्क इलाज हो रहा है**

योजना के तहत निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है राज्य के गरीब और जरूरतमंद परिवारों को बड़ा लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि एसपी मेडिकल कॉलेज में उत्तर भारत का सर्वप्रथम डेडिकेटेड मॉड्यूलर कॉक्लियर इम्प्लांट ऑपरेशन थियेटर 2 वर्ष पूर्व स्थापित किया गया था जिसमें दुनियां की सर्वश्रेष्ठ उपकरण उपलब है। सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक की अधीक्षक एवं एनीस्थीसिया विभाग की सीनियर प्रोफेसर डॉ सोनाली धवन ने बताया कि इस ब्लॉक के माध्यम से मरीजों को उच्च गुणवत्ता युक्त सुविधाएं प्रदान की जा रही है। हमारी टीम द्वारा सफलतापूर्वक इतने कॉक्लियर इम्प्लांट किया जाना मरीजों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का परिचायक है।

ईएनटी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ गौरव गुप्ता ने बताया कि यह उपलब्धि हमारे सामूहिक प्रयास और उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता का परिणाम है। उन्होंने टीम के सभी सदस्यों और प्रशासन का इस कार्य में समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। डॉ गुप्ता ने बताया कि यह सर्जरी उन मरीजों के जीवन में आशा की नई किरण लाती है, जो सुनने की क्षमता खो चुके होते हैं। डॉ गुप्ता ने कहा कि हमारे सेंटर में अब तक किए गए सभी 200 कॉक्लियर इम्प्लांट सफल रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह सफर इतना आसान नहीं था। हर मरीज की जटिलताएं और जरूरतें अलग-अलग होती हैं।

6.65 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार

हनुमानगढ़, (कासं)। जिले की नोहर पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 6.65 ग्राम हेरोइन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने हरियाणा नंबर की एक कार भी जब्त की है।

थानाधिकारी ईश्वरानंद शर्मा के नेतृत्व में उप-निरीक्षक राजपाल सिंह और डीएसटी सेक्टर नोहर की टीम ने गश्त के दौरान शक के आधार पर एक कार पकड़ा। कार से 6.65 ग्राम हेरोइन के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान वीरेंद्र सिंह (24) पुत्र करणी सिंह, निवासी वार्ड नंबर 8 भूकरका और कालू भाट (27) पुत्र सतूराम भाट, निवासी वार्ड नंबर 1 ढाणी सिखान नोहर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों से हेरोइन के अलावा हरियाणा नंबर की एक कार भी जब्त की। एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

स्कूल मर्ज के विरोध में छात्राएं सड़क पर उतरी

बीकानेर, (कासं)। स्कूल मर्ज करने को लेकर छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क को जाम कर दिया। घटना जस्सूसर गेट के बाहर कोठारी हॉस्पीटल की ओर जाने वाली सड़क पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की है। जहां पर स्कूल मर्ज करने को लेकर छात्राओं ने सड़क पर विरोध प्रदर्शन करते हुए जाम लगा दिया है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छात्राओं को समझाने का प्रयास जारी रहा। विरोध प्रदर्शन कर रही छात्राओं का कहना है कि हमारे यहां कम नामाकंन जैसी कोई स्थिति नहीं थी फिर शिक्षा विभाग ने हमारी स्कूल को मर्ज कर दिया है जो कि गलत है।

छात्राओं का कहना है कि बालिका विद्यालय अलग से संचालित हो रहा था लेकिन ना जाने क्यों 300 के करीब नामांकन होने के बावजूद हमारी स्कूल को मर्ज कर दिया है। छात्राएं करीब एक

- **छात्राओं का कहना है कि बालिका विद्यालय अलग से संचालित हो रहा था लेकिन ना जाने क्यों 300 के करीब नामांकन होने के बावजूद हमारी स्कूल को मर्ज कर दिया गया**

घंटे से विरोध प्रदर्शन कर रही है और शिक्षा विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बता दें कि बीते दिनों शिक्षा विभाग की और से प्रदेशभर में स्कूलों को मर्ज करने और बंद करने को लेकर आदेश जारी किए गए थे। जिसके चलते इस स्कूल को भी मर्ज करने का आदेश दिया गया था।

चक 4 ए को नई ग्राम पंचायत बनाने की मांग

अनूपगढ़,(कासं)। अनूपगढ़ उपखंड क्षेत्र में ग्राम पंचायत 61 जीबी के अंतर्गत आने वाले चक 4 ए को नई ग्राम पंचायत बनाने की मांग उठी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता सतपाल मुंजाल और बूटा सिंह चावला के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एसडीएम सुरेश राव को ज्ञापन सौंपा।

वर्तमान में ग्राम पंचायत 61 जीबी में कुल 10 गांव आते हैं। इनमें से चक 1 ए-ए, 1 ए-बी, 2 ए-ए, 3 ए, 4 ए और 5 ए-ए की दूरी पंचायत से लगभग 7-8 किलोमीटर है। इन गांवों और पंचायत के बीच घग्गर नदी स्थित है। नदी में पानी आने पर ग्रामीणों को पंचायत पहुंचने के लिए रामसिंहपुर-अनूपगढ़ होकर करीब 25-30 किलोमीटर का चक्कर

- **ग्राम पंचायत 61 जीबी में कुल 10 गांव आते हैं जिनमें चक 4 ए भी है**

लगाना पड़ता है।

ग्रामीणों का कहना है कि अगर चक 4 ए को नई पंचायत बनाया जाए, तो सभी गांवों की दूरी मात्र 3-4 किलोमीटर रह जायेगी। साथ ही ग्राम पंचायत 2 पीजीएम-बी के अंतर्गत आने वाले चक 6 ए-ए, 6 ए-बी और 7 ए भी चक 4 ए के निकट स्थित हैं। ये गांव अपनी मौजूदा पंचायत से 7-8 किलोमीटर दूर हैं। इसलिए इन्हें भी नई प्रस्तावित पंचायत में शामिल किया जा सकता है।

हेरोइन सहित गिरफ्तार

हनुमानगढ़, (कासं)। हनुमानगढ़ पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया।

अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ के विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की। गोगामेड़ी थाना पुलिस ने पहली कार्रवाई में गश्त के दौरान ढीलकी जाटान के मुकेश कुमार (35) और सिरसा जिले के कुम्हारिया की विमला (27) को 7.11 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों से एक बाइक भी जब्त की गई है। डबली सदर पुलिस चौकी ने डबलीबास मौलवी के वार्ड नंबर 26 निवासी राजकुमार उर्फ राजू (42) को गिरफ्तार किया। उसके पास से 70 प्रेगाबालिन कैप्सूल और 30 टैपेंटाडॉल टेबलेट बरामद की।

शराब विवाद में दो पक्षों में मारपीट, गोली चली

हनुमानगढ़, (कासं)। फेफाना थाना क्षेत्र में शराब को लेकर हुए विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। खेत से घर लौट रहे सुरेश कुमार (27) पर तीन लोगों ने जानलेवा हमला किया।

आरोपी हर्ष, मोहनलाल और विशाल ने पहले कैम्पर गाड़ी से टक्कर मारी, फिर पिस्तौल की हत्थी से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित सुरेश कुमार ने बताया कि आरोपियों ने उस पर गोली चलाने की भी कोशिश की। जब उसने विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं बाद में जब वह शिकायत लिखवाने जा रहा था, तब भी उस पर हमला किया गया। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने पहले भी कई बार उसे

- **पांच लोग हिरासत में, 15 लाठियां बरामद**

धमकी दी थी। फेफाना थानाप्रभारी नरेन्द्र कुमार ने बताया कि यह विवाद सुरेश कुमार और आनंद चारण के बीच शराब को लेकर शुरू हुआ था। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने दोनों पक्षों के 5 लोगों को हिरासत में ले लिया है और मौके से 15 लाठियां बरामद की हैं। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं संगरिया थाना पुलिस ने नाथवाना-किकरवाली रोड पर कार्रवाई करते हुए कार से 46 किलो 52 ग्राम डोडा पोस्त जब्त किया है। पुलिस ने मौके से जोधपुर के तिलवासनी निवासी विकास बिश्नोई को गिरफ्तार किया है। टिब्बी थाना पुलिस ने थानाधिकारी हंसराज के नेतृत्व में सूरेवाला निवासी सुरजीत सिंह (55) को 611 ग्राम डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। सदर थाना पुलिस ने गोलूवाला निवासी रामगोपाल मेघवाल के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की। जब्त की गई शराब में 16 बोतल अंग्रेजी शराब, 24 अद्दे, 144 पव्वे अंग्रेजी शराब और 144 पव्वे देशी शराब शामिल हैं।

उदयमसर में जिन बिम्बों की प्रतिष्ठा आज

बीकानेर, (कासं)। जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर महाराज, बीकानेर के मुनि सम्यक रतन सागर आदि ठाणा, प्रभंजना श्रीजी व चिद्यशा श्रीजी, श्रावक-श्राविकाओं के चतुर्विद संघ की साक्षी में शनिवार को बीकानेर से 14.5 किलोमीटर माइल स्टोन उदयमसर हाईवे पर बने नव निर्मित सेठ थानमल नेमीदेवी विहार में जिन बिम्बों की प्रतिष्ठा के दो दिवसीय अनुष्ठान शुरू हुए।

सेठ थानमल नेमीदेवी विहार धाम में भगवान पार्श्वनाथ गणधर गौतम स्वामी व दादा कुशल गुरूदेव, सुश्रावक चंपालाल व थानमल बोथरा की प्रतिमाओं की स्थापना रविवार को होगी। शनिवार को जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर के सानिध्य में श्रेष्ठी चंपालाल पन्ना देवी बोथरा प्रवेश द्वार का उद्घाटन सुश्राविका नेमीदेवी बोथरा व चंपालाल, थानमल बोथरा परिवार के सदस्यों ने किया। जैनाचार्य

- **स्नात्र पूजा, कुंभ स्थापना, वेदिका पूजन, क्षेत्रपाल पूजन, अष्ट मंगल पूजन प्रतिमाओं का 18 अभिषेक करवाया**

जिन पीयूष सागर सूरिश्वर महाराज ने स्वयं मंत्रोच्चारण करते हुए नंदावृत पूजन करवाया। जैनाचार्य के सानिध्य में नागदा, मध्यप्रदेश के विधिकारक गौरव जैन ने स्नात्र पूजा, कुंभ स्थापना, दीपक स्थापना, ज्वारा रोपण, वेदिका पूजन, क्षेत्रपाल पूजन, अष्ट मंगल पूजन प्रतिमाओं का 18 अभिषेक करवाया। घाणेराव की रामलाल, गोविंद एवं पार्टी ने भक्त गीत प्रस्तुत किए। रविवार को जिन प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा सुप्रसिद्ध विधिकारक सिरोही के मनोज कुमार बाबूमल हरण के नेतृत्व में होगी।

रविवार को सुबह सवा नौ बजे स्नात्र पूजा, प्रभु पार्श्वनाथ, गणधर गौतम स्वामी, दादा गुरूदेव की प्रभावकारी प्रतिमा की प्रतिष्ठा के बाद सेठ थानमल नेमीदेवी विहार धाम का लोकार्पण, प्रवचन व महा मांगलिक व स्वामी वात्सल्य का आयोजन होगा।

शनिवार को वरिष्ठ श्रावक गणेश बोथरा, पूर्व विधायक मानिक चंद सुराणा के पुत्र जितेन्द्र सुराणा, सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य मनोज सेठिया, जिनेश्वर युवक परिषद के मंत्री मनीष नाहटा सहित बीकानेर, गंगाशहर,